सीसीटीएनएस/ ई–मेल

# मुख्यालय उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें

चतुर्थ तल, जवाहर भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ–226001

पत्रॉक:टीएस–सीसीटीएनएस–49/2010(T.P.A)

सेवा में,

दिनांक:अक्टूबर 16,2014

**पुलिस महानिरीक्षक,**
जोन–मेरठ, बरेली, कानपुर, इलाहाबाद, लखनऊ,
गोरखपुर, आगरा एवं वाराणसी उत्तर प्रदेश।

**विषय:–** **सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत रोल बेस्ड प्रशिक्षित एवं उत्तीर्ण कार्मिकों को आपने जोन के समस्त थानों में कम से कम एक की संख्या में आरक्षी/मुख्य आरक्षी को नियुक्त करने के सम्बन्ध में।**

**सन्दर्भ:–** समांक पत्र दिनांकित 03.07.2014
पत्रांक टीएस–सीसीटीएनएस–08/2013 दिनांक 10.10.2014

---

सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत सफल प्रशिक्षित मुख्य आरक्षी/आरक्षी की सूचना जोनवार **संलग्नक–ए** पर उपलब्ध है।

2. सूची के अनुसार सफल प्रशिक्षित मुख्य आरक्षी/आरक्षी को प्रत्येक जनपद अपने अधीनस्थ सभी थानों पर कम से कम एक की संख्या में आरक्षी तथा मुख्य आरक्षी नियुक्त करें जिनके, द्वारा सीसीटीएनएस के कोर एप्लीकेशन साफ्वेयर (CAS) के माध्यम से प्रत्येक एफ0आई0आर0 आन–लाइन/आफ–लाइन कम्प्यूटरीकृत पंजीकरण करके प्रिंट वादी को उपलब्ध करायेंगे।

3. सीसीटीएनएस योजना का सफल कियान्वयन हेतु 289 हैण्ड होल्डिंग स्टाफ सर्किल ऑफिसों एवं डिस्टिक हैड क्वार्टर स्तर पर सिस्टम इन्ट्रीग्रेटर (एस0आई0) मेसर्स एन0आई0आई0टी0 टेक्नालॉजी लिमिटेड, लखनऊ द्वारा उपलब्ध कराया गया है/किया जा रहा है। जिनसे अपेक्षित सहायता प्राप्त कर CAS के संचालन में सहयोग प्राप्त किया जाय। उक्त व्यवस्थान्तर्गत यह सुनिश्चित कर दिया जाय कि प्रदेश में प्रत्येक एफ0आई0आर0 आनलाइन/आफलाइन कम्प्यूटरीकृत पंजीकरण करके प्रिंट वादी को उपलब्ध कराया जाय।

**संलग्नक:यथोपरि।**

संलग्नक:पुलिस वेबसाइट के निम्न लिंक से संलग्नक प्राप्त करें।
https://uppolice.gov.in/page.aspx?cctns-circulars

(आर0के0विश्वकर्मा) 16/10/14
अपर पुलिस महानिदेशक,
तकनीकी सेवायें, उ0प्र0,लखनऊ।

प्रतिलिपि:–पुलिस उपमहानिरीक्षक, स्थापना, उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षक उत्तर प्रदेश को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक जनपद, उत्तर प्रदेश को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
प्रभारी सीसीटीएनएस वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।

सीसीटीएनएस/ ई-मेल

# मुख्यालय उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें

चतुर्थ तल, जवाहर भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ-226001

पत्रांकः टीएस-सीसीटीएनएस-49/2010(T.P.A) दिनांकः जुलाई 3 ,2014

सेवा में,

पुलिस महानिरीक्षक,
जोन-मेरठ, बरेली, कानपुर, इलाहाबाद, लखनऊ, गोरखपुर एवं वाराणसी।

विषयः- **सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत रोल बेस्ड प्रशिक्षित कार्मिकों के प्रशिक्षण की गुणवत्ता में परीक्षण के उपरान्त पुलिस कार्मिकों को थाना स्तर पर समाहित करने हेतु अपने अधीन के जनपदों में थानों की संख्या के सापेक्ष आरक्षी नियुक्त करने के सम्बन्ध में।**

जैसा कि आप विदित है कि सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत रोल बेस्ड प्रशिक्षित कार्मिकों के प्रशिक्षण की गुणवत्ता में परीक्षण किया जा रहा है। दिनांकः 15-06-2014 की स्थिति के अनुसार ज्ञात हुआ है कि **संलग्नक-ए** में वर्णित जनपदों में थानों की संख्या के सापेक्ष कम आरक्षी उत्तीर्ण घोषित किये गये हैं। थानों की संख्या के सापेक्ष उत्तीर्ण आरक्षी यदि कम संख्या में उपलब्ध हैं तो सीसीटीएनएस योजना को प्रभावी रूप से लागू करने में जनपद स्तर पर कठिनाईयों का सामना करना पडेगा ।

2- उल्लेखनीय है कि **संलग्नक-बी** में वर्णित जनपदों में थानों की संख्या के सापेक्ष अधिक आरक्षी उत्तीर्ण घोषित किये गये हैं, जिनका विवरण जनपद वार संलग्न है।

3- उपर्युक्त के दृष्टिगत आपको निर्देशित किया जाता है कि आपके संलग्नक-बी में वर्णित जनपदों से संलग्नक-ए में वर्णित जनपदों में थानों की संख्या के सापेक्ष सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत रोल बेस्ड प्रशिक्षित कार्मिकों के प्रशिक्षण की गुणवत्ता में परीक्षण के उपरान्त उत्तीर्ण आरक्षी नियुक्त अथवा स्थानान्तरित करने का कष्ट करें, ताकि सीसीटीएनएस योजना का सफल कियान्वयन जनपद स्तर पर कराया जा सके।

संलग्नकः यथोपरि।

2/7/14
(आर0के0विश्वकर्मा)
अपर पुलिस महानिदेशक,
तकनीकी सेवायें, उ0प्र0,
लखनऊ।

प्रतिलिपिः- पुलिस उपमहानिरीक्षक, स्थापना, उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

सी0सी0टी0एन0एस0 / द्वारा ई–मेल

# मुख्यालय उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें

चतुर्थ तल, जवाहर भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ–226001

पत्रॉक: टीएस–सीसीटीएनएस–08 / 2013 दिनांक:अक्टूबर 10 ,2014

सेवा में,

समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक,
जनपद उत्तर प्रदेश।

विषय:– सीसीटीएनएस योजना के अर्न्तगत उपलब्ध कराये गये हैण्ड होल्डिंग स्टाफ की एस0ओ0पी0 विषयक।

———

कृपया अवगत कराना है कि हैण्ड होल्डिंग स्टाफ सीसीटीएनएस योजना का अत्यन्त महत्वपूर्ण अंग है। हैण्ड होल्डिंग स्टाफ पुलिस कर्मियों के दिन–प्रतिदिन के सूचना प्रोद्योगिकी से सम्बन्धित CAS के संचालन में सहयोग प्रदान करेंगे।

अतः आपके जनपद में सीसीटीएनएस योजना के सफल कियान्वयन हेतु उपलब्ध कराये गये "हैण्ड होल्डिंग स्टाफ" द्वारा जनपद के समस्त सर्किल आफिस एंव डिस्टिक हैड क्वार्टर में पुलिस कर्मियो को सूचना प्रोद्योगिक से सम्बन्धित CAS के संचालन में सहयोग प्रदान किया जायेगा। जिसमें Handholding Staff द्वारा निम्न बिन्दुओं पर सहयोग दिया जायेगा:–

1–यह सुनिश्चित करना कि थानों पर लगे कम्प्यूटर एंव सहवर्ती उपकरण कार्य कर रहे है।

2–साफ्टवेयर,कम्प्यूटर लैन सहवर्ती उपकरण एंव कनेक्टिविटी से सम्बन्धित स्थानीय तकनीकी समस्या का निवारण करना।

3–थानों के पुलिस कर्मियों को कम्प्यूटर के संचालन एंव एमएस आफिस पर किये जा रहे कार्यो में सहयोग प्रदान करना।

4–पुलिस कर्मियों को CAS के संचालन में सहयोग प्रदान करना।

5–यदि समस्या का निदान निर्धारित अवधि में नहीं होता है तो Handholding Staff सप्ताह में 06 दिन सोमवार से शनिवार तक कार्य करेगा।

6–Handholding Staff की उपस्थिति पंजिका के रखरखाव का उत्तरदायित्व सम्बन्धित कार्यालय प्रभारी का होगा, ताकि आगामी समय में उक्त की उपस्थिति का सत्यापन जनपद स्तर से किया जा सके।

उल्लेखनीय है कि जिन जनपदों में अभी Handholding Staff उपलब्ध नहीं कराया गया है वहॉ पर शीघ्र ही उपलब्ध कराया जायेगा।

अतः Handholding Staff से सीसीटीएनएस का कार्य लिये जाने हेतु उपरोक्त निर्देशों के अनुसार कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

( नेहा पाण्डेय ) 10/10
पुलिस अधीक्षक,
तकनीकी सेवायें,मुख्यालय
उ0प्र0,लखनऊ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1– अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवायें, उत्तर प्रदेष, लखनऊ।
2– पुलिस महानिरीक्षक, तकनीकी सेवायें, उत्तर प्रदेष, लखनऊ।
3– समस्त जोन पुलिस महानिरीक्षक, उत्तर प्रदेष।
4– समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षक, उत्तर प्रदेष।
5– श्री जफर रिजवी, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एनआईआईटी।
6– श्री राजीव वषिष्ठ, प्रोजेक्ट मैनेजर, एसपीएमयू।